केन्द्रीय सूचना आयोग
बाबा गंगनाथ मार्ग, मुनिरका
नई दिल्ली - 110067.
******

प्रथम अपील सं. CIC/AA/A/2018/303

संदर्भ संचिका सं. CICOM/A/2018/00265 दिनांक: 07.12.2018
CICOM/R/2018/01046

अपीलकर्ता : श्री संतोष कुमार यादव,
पुत्र – श्री शिवराम यादव,
भरूआ सुमेरपुर थोक इमिलिया (पटेलनगर),
तह0 व जिला0 – हमीरपुर,
उत्तर प्रदेश – 210502.

निर्णय की तारीख : 07.12.2018

| | |
|---|---|
| आर.टी.आई. आवेदन की तिथि | 10.10.2018 |
| आर.टी.आई. के तहत सूचना प्रदान करने की तिथि | 15.11.2018 |
| प्रतिउत्तर देने वाले जन सूचना अधिकारी | श्री ए. के. तलपात्रा |
| प्रथम अपील दाखिल करने की तिथि | 16.11.2018 |
| प्रथम अपीलीय अधिकारी के कार्यालय का डायरी सं. व तिथि | 543/27.11.2018 (5637/26.11.2018) |

1. अपीलकर्ता द्वारा दिनांक 10.10.2018 के आर.टी.आई. आवेदन के माध्यम से द्वितीय अपील सं. CIC/NCRAL/A/2017/105768 से संबंधित तीन बिंदुओं पर सूचनाएं मांगी गई थी । अपीलकर्ता ने प्रथम अपील आवेदन के साथ आर.टी.आई. आवेदन की प्रति संलग्न करने के अतिरिक्त कुछ नहीं लिखा है ।

2. संबंधित संचिका (प्रथम अपील आवेदन एवं आर.टी.आई. आवेदन) का अवलोकन करने पर पाया गया कि अपीलकर्ता के उक्त आर.टी.आई. आवेदन से संबंधित सूचना श्री ए. के. तलपात्रा, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा पत्र सं. CICOM/R/2018/01046/321 के माध्यम से दिनांक 15.11.2018 को प्रेषित की गई है एवं अपीलकर्ता द्वारा प्रथम अपील दिनांक 16.11.2018 को दाखिल की गई है, इससे स्पष्ट है कि प्रथम अपील दाखिल करने से पूर्व अपीलकर्ता को वांछित सूचना प्राप्त नहीं हो सकी है । अतः अपीलकर्ता के सुलभ संदर्भ हेतु श्री ए. के. तलपात्रा द्वारा प्रदान की गई सूचना की प्रति इस आदेश के साथ पुनः संलग्न है ।

3. श्री ए. के. तलपात्रा, केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी द्वारा प्रदान गई सूचना बिल्कुल तथ्यानुसार है तथा इसमें प्रथम अपीलीय अधिकारी के हस्तक्षेप की कोई आवश्यकता नहीं है ।

4. तद्नुसार अपील निस्तारित की जाती है ।

5. प्रस्तुत संदर्भ में अपीलकर्ता यदि इस आदेश/निर्णय से संतुष्ट न हों तो अधिनियम की धारा 19(3) के अंतर्गत द्वितीय अपील इस आदेश की प्राप्ति के 90 दिनों के अंदर केन्द्रीय सूचना आयोग, बाबा गंग नाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली – 110067 में की जा सकती है ।

संलग्नक – यथोपरि ।

(आर. के. सिंह)
अपर सचिव एवं
प्रथम अपीलीय अधिकारी
दूरभाष – 011-26162290

प्रतिलिपि :

1. केन्द्रीय जन सूचना अधिकारी, आर.टी.आई. प्रकोष्ठ, केन्द्रीय सूचना आयोग, नई दिल्ली ।

C. I. C.
RECEIVED
07 DEC 2018
D. No.
Initials.